अब लखनऊ बनेगा आईटी कंपनियों का नया ठिकाना

अमर उजाला ब्यूरो

जेनपैक्ट और सिफी के अलावा आईबीएम को भी लाने की तैयारी

लखनऊ। आईटी कंपनियों ने नोएडा के बाद लखनऊ को अपना नया ठिकाना बनाने की तैयारी की है। एचसीएल व टीसीएस के बाद अब जेनपैक्ट, सिफी और आईबीएम जैसी कंपनियों को लखनऊ लाने की तैयारी की जा रही है। इस दिशा में औद्योगिक विकास विभाग और आईटी विभाग ने बड़ी कंपनियों के संपर्क में है। वहीं, छह अन्य कंपनियों ने भी लखनऊ में रुचि दिखाई है।

सूत्रों के मुताबिक जेनपैक्ट और सिफी करीब 400 से 800 करोड़ रुपये तक का निवेश करेंगी। ये कंपनियां लगभग 10 हजार युवाओं को रोजगार देंगी। जेनपैक्ट गोमतीनगर व सिफी गोमतीनगर एक्सटेंशन में रीजनल सेंटर स्थापित कर सकते हैं। बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग की फ्रांसीसी कंपनी टेलीपरफॉर्मेंस एसई ने भी निवेश का प्रस्ताव दिया है।

दरअसल, नोएडा में आसमान छूती कीमतों के कारण आईटी कंपनियों ने छोटे शहरों पर फोकस किया है। जिन शहरों का हवाई और संपर्क मार्ग बेहतर है। बुनियादी ढांचा अच्छा है, उन शहरों में आईटी कंपनियां अपना एक्सटेंशन कर रही हैं। लखनऊ इन सारे मापदंडों में सबसे मुफीद है। टीसीएस व एचसीएल पहले ही यहां हैं। कानपुर में आईआईटी और एचबीटीयू जैसे संस्थान हैं। यही वजह है कि इंफोसिस और एक्सेंचर भी लखनऊ का रुख कर सकती हैं।

तीन हिस्सों में बांटा गया आईटी हब

लखनऊ में कानपुर रोड पर स्थित नादर गंज इंडस्ट्रियल एरिया में 40 एकड़ जमीन पर आईटी हब बसाया जा रहा है। राजकीय निर्माण निगम ने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। लखनऊ में बनने वाले इस आईटी हब को तीन हिस्सों में बांटा गया है। इसमें बिजनेस पार्क, आईटी पार्क और इंटरनेशनल इनक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर शामिल है। इनकी इमारत छह मंजिला होंगी। तीनों भवनों की अपनी-अपनी पार्किंग की सुविधा होगी।